# डेली संवाद

संपादक- अशोक सिंह भारत • जालंधर, 27 मई, 2020 dailysamvad.com Email:dailysamvad@gmail.com







## एक नजर

### जालंधर में भाजपा के जिला प्रधान बने पार्षद सुशील शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष ने की घोषणा



**डेली संवाद, जालंधरः** भाजपा के प्रदेश प्रधान अश्वनी शर्मा ने जालंधर में भाजपा के पार्षद सुशील शर्मा को जिला अध्यक्ष बनाया है। सुशील शर्मा आरएसएस के साथ साथ संगठन में कई बड़े नेताओं के करीबी भी हैं। हालांकि जालंधर में भाजपा के जिला प्रधान के रेस में रमेश शर्मा व रमन पब्बी भी थे। सुशील शर्मा जालंधर के वार्ड-2 से पार्षद हैं। वे एबीवीपी पंजाब के स्टेट सैक्रेटरी भी रह चुके हैं। सुशील शर्मा ने कहा है कि उन्हें पार्टी की तरफ जो भी जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका दायित्व निभाएंगे।

### टिड्डियों का हमला देख सहमे किसान, हाई अलर्ट पर प्रशासन,



**नयी दिल्ली।** पाकिस्तान के रास्ते भारत पहुंची टिड्डियों की वजह से किसान परेशान हैं। उन्हें फसलों के खराब हो जाने का डर सता रहा है। दरअसल, राजस्थान और मध्य प्रदेश की सीमा को पार कर अब टिड्डी दल झांसी पहुंचा है। टिड्डी के एक दल ने उन्नाव के किसानों की मेहनत पर पानी फेरते हुए मक्के की कई बीघा फसल को चट दिया। जिसकी वजह से किसानों को लाखों की चपट लग चुकी है। ऐसे में उत्तर प्रदेश सरकार ने राजस्थान और मध्य प्रदेश समेत कई राज्यों में आफत का सबब बने टिड्डी दल के प्रकोप के मद्देनजर राज्य के 10 जिलों को हाई अलर्ट पर रखा है।


### भारत में सबसे भीषण मंदी की आशंका, उबरने में लग सकता है तीन वित्त वर्ष

**नयी दिल्ली।** कोरोना वायरस के रोकथाम के लगाए गए देशव्यापी लॉकडाउन का असर अर्थव्यवस्था पर पड़ा है और इसकी वजह से आर्थिक गतिविधियां भी पूरी तरह से ठहर गई थी। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने कहा कि भारत अबतक की सबसे खराब मंदी की स्थिति का सामना कर रहा है। उसने कहा कि आजादी के बाद यह चौथी और उदारीकरण के बाद पहली मंदी है तथा यह संभवतः सबसे भीषण है।

# और दो हफ्तों तक बढ़ सकता है, लॉकडाउन

**डेली संवाद, नई दिल्ली।**

लॉकडाउन 4.0 की मियाद 31 मई को समाप्त होने वाली है। लेकिन कोरोना के लगातार बढ़ रहे मामलों को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार दो और हफ्तों के लिए लॉकडाउन बढ़ा सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 31 मई के बाद के लॉकडाउन का स्वरूप अलग हो सकता है। गृह मंत्रालय के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि इस बार का लॉकडाउन पहले की तुलना में काफी अलग होगा और ज्यादातर फोकस 11 शहरों पर होगा जहां पर




देश के 70 फीसदी मामले हैं। इन 11 शहरों में दिल्ली, मुंबई, पुणे, ठाणे, बेंगलुरू, सूरत, अहमदाबाद, चेन्नई, कोलकाता, जयपुर और इंदौर शामिल हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक लॉकडाउन 4.0 की तुलना में लॉकडाउन 5.0 में सरकार कुछ और छूट दे सकती हैं। मिली जानकारी के मुताबिक पूजा स्थलों के साथ-साथ सरकार जिम खोलने पर भी विचार कर रही है। हालांकि अभी इस विषय पर कोई भी आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

## फतेहगढ़ साहिब में भीषण हादसा : तीन दोस्तों की कार ट्रक से टकराई-तीनों की मौत

**डेली संवाद ,फतेहगढ़ साहिब**

मंगलवार को हुएभीषण हादसे में तीन दोस्तों की मौत हो गई। इन तीनों दोस्तों ने हाल ही आईलेट्स की परीक्षा पास की थी और ये तीनों कनाडा जाने वाले थे।लॉकडाऊन के कारण दस्तावेजी प्रक्रिया रुकी हुईथी जिस कारण ये तीनों कनाडा नहीं जा पाए।तीनों की मौत से परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा।मृतकों के नाम सुखचैन सिंह, उज्जवल सूद और अमितोज सिंह हैं।तीनों फतेहगढ़ साहिब जिले के निवासीथे। कार ओवरस्पीड बताई जाती है और कार ट्रक के नीचे घुस गई।कार को सुखचैन सिंह चला रहाथा।

# देश में कोरोना मामलों की सं या 1,51,767 पहुंची

**डेली संवाद, नई दिल्ली**

देश भर में कोरोना पीड़ितों की संख्या 1,51,767 हो गई है, जिसमें 83,004 लोग अभी भी कोरोना पॉजिटिव हैं। इधर बुधवार तक देश भर में कोरोना वायरस से 64,425 लोग स्वस्थ भी हो गये हैं। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की रिपोर्ट के मुताबिक बुधवार सुबह तक देश में 4,337 लोगों की मौत भी हो चुकी है। इधर केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, अंडमान निकोबार और मिजोरम में अब तक कोरोना मुक्त राज्य बना हुआ है। जबकि बुधवार सुबह तक महाराष्ट्र में कोरोना के सबसे अधिक मामले दर्ज किये गये हैं। महाराष्ट्र में अब तक 54,758 लोग कोरोना वायरस से पीड़ित बताये गये हैं, जबकि 16,954 लोग इस वायरस से स्वस्थ हो चुके हैं। यहां 1,792 लोगों की मौत हो चुकी है।

## अब तक 4,337 लोगों की मौत



### दिल्ली-लुधियाना फ्लाइट में एक यात्री कोरोना पॉजिटिव

एयर इंडिया की दिल्ली-लुधियाना उड़ान में एक यात्री कोरोना पॉजिटिव पाया गया है। यात्री एयर इंडिया के सुरक्षा विभाग में काम करता है और वह पेड टिकट पर यात्रा कर रहा था। इस विमान के सभी यात्रियों को क्वारंटाइन किया गया है।

## पार्षद सुशील शर्मा जालंधर भाजपा के नए अध्यक्ष नियुक्त



**डेली संवाद, जालंधर**

पंजाब भाजपा के अध्यक्ष अश्विनी शर्मा ने भाजपा पार्षद और पार्टी के महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर चुके सुशील शर्मा को जालंधर भाजपा का अध्यक्ष नियुक्त किया है। शर्मा ने आज अमृतसर (देहाती) और जालंधर शहरी के भाजपा अध्यक्षों के नामो की घोषणा की। इस दौरान हरदयाल सिंह को अमृतसर देहाती और हिमाचल के मूल नागरिक सुशील शर्मा को जालंधर शहरी का अध्यक्ष बनाया गया है।

## टी-20 वर्ल्ड कप 2022 तक स्थगित!

### कल आइसीसी की बैठक में हो सकती है घोषणा

**डेली संवाद, नई दिल्ली**

अगर आप क्रिकेट खेलने और देखने के फैन हैं तो आपके लिए एक बूरी खबर है। ऑस्ट्रेलिया में इस साल अक्टूबर-नवंबर में निर्धारित टी20 वर्ल्ड कप का भविष्य लगभग तय हो चुका है। कोविड-19 महामारी के कारण अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) इस टूर्नामेंट को 2022 तक टालने का मन बना चुकी है। माना जा रहा है कि मौजूदा हालात में सभी हितधारकों का ख्याल रखते हुए बोर्ड सदस्यों की 28 मई को होने वाली बैठक में इससे जुड़ी औपचारिक घोषणा कर दी जाएगी।

ऐसा इसलिए है क्योंकि भारत में पहले से ही अक्टूबर 2021 के लिए एक टी 20 विश्व कप निर्धारित है और एक वर्ष में एक ही




प्रारूप के दो विश्व कप का कार्यक्रम करना अनुचित प्रतीत होता है। वर्तमान बाजार परिदृश्य 6 महीने के भीतर दो विश्व कप के लिए भी तैयार नहीं है। यह मेजबान प्रसारक स्टार स्पोर्ट्स के लिए चिंता का विषय है।

स्टार के सूत्रों ने पुष्टि की है कि अगर भारत में अक्टूबर में आईपीएल होता है, तो 6 महीने में 2 आईपीएल और 2021 में 2 विश्व कप प्रसारित करना आसान नहीं होगा। बाजार वर्तमान में अपने सबसे निचले स्तर पर है और ऐसी स्थिति में यह एक में नहीं है स्थिति इसका समर्थन करने के लिए।

## सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से पूछा

### मुफ्त में जमीन पाने वाले निजी अस्पताल क्यों नहीं कर सकते कोरोना मरीजों का मुफ्त इलाज?

**डेली संवाद,नई दिल्ली**

देश में कोरोना वायरस का संक्रमण तेजी से फैलने के कारण सरकारी अस्पतालों पर बोझ बढ़ता जा रहा है। इसे देखते हुए निजी अस्पतालों से मदद लेने पर विचार किया जा रहा है, लेकिन निजी अस्पतालों में महंगा इलाज हर किसी के बस की बात नहीं है। इस पर संज्ञान लेते हुए सुप्रीम कोर्ट केंद्र सरकार से निजी अस्पतालों को लेकर जानकारी मांगी है। सर्वोच्च अदालत ने बुधवार को केंद्र सरकार से पूछा कि अगर निजी अस्पताल



मुफ्त में कोरोना मरीजों का इलाज नहीं कर सकते, तो सरकार ने इन अस्पतालों को मुफ्त में जमीन क्यों दी? बेंच का नेतृत्व कर रहे प्रधान न्यायाधीश एसए बोबडे ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से पूछा, प्राइवेट अस्पतालों के लिए सरकार मुफ्त में जमीन मुहैया कराती है या फिर बहुत मामूली चार्ज लेती है।

## फर्जीवाड़ा : श्रमिक हरियाणा में, स्क्रीनिंग के कागजात दिल्ली में तैयार किये जा रहे

**डेली संवाद, नई दिल्ली**

लॉकडाउन का शातिर दिमाग वालों पर कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। वे अपना काम तमाम सख्तियों के बीच भी बदस्तूर जारी रखे हैं। इसी का परिणाम है कि जो श्रमिक राष्ट्रीय राजधानी से कटे हरियाणा के गुरुग्राम में मौजूद थे। उन सबके स्क्रीनिंग कागजात दिल्ली में बन गये। फिलहाल इस पूरे मामले की अब विस्तृत जांच चल रही है। इतना ही नहीं इन फर्जी स्क्रीनिंग दस्तावेजों के बलबूते प्रवासी श्रमिकों को देश के दूर दराज हिस्सों जैसे, बिहार, कोलकता आदि



क्षेत्रों में पहुंचाया जा रहा था। अब तक सामने आये तथ्यों से इस बात की पुष्टि हो चुकी है। दिल्ली पुलिस सूत्रों के मुताबिक, पुलिस को एक पेशेवर ड्राईवर से भी कई महत्वपूर्ण जानकारियां मिली हैं। पता चला है कि यह गैंग दिल्ली भर में फैला है। जो राष्ट्रीय राजधानी व आसपास के इलाके से शिकार (पलायन करने के इच्छुक प्रवासी श्रमिक) फंसाता है। पुलिस को इसी चालक से पता चला कि वो खुद भी टिकरी गांव बहादुरगढ़ (हरियाणा) से लेकर श्रमिकों को पश्चिम बंगाल इलाके की ओर जाने वाला था। रास्ते में ही मगर पुलिस के हत्थे चढ़ गया। छानबीन में पुलिस को पता चल गया है कि यह फर्जीवाड़ा करके जाली स्क्रीनिंग पेपर्स कहां-कहां से बनबाये जा रहे थे। इन सभी संदिग्ध इलाकों पर भी पुलिस ने अपना खुफिया तंत्र सतर्क कर दिया है ताकि पूरे गैंग का भंडाफोड़ हो सके।

## बिहार के डिप्टी सीएम का बड़ा आरोप, कहा-

### गहलोत सरकार ने एक करोड़ लेकर ही आने दी छात्रों की ट्रेन

**डेली संवाद, नई दिल्ली**

कोरोना महामारी के चलते देश के अलग-अलग हिस्सों में फंसे मजदूरों और छात्रों को लेकर आरोप-प्रत्यारोपों का दौर जारी है। इस बीच, बिहार के उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने राजस्थान सरकार पर गंभीर आरोप आरोप लगाते हुए कहा है कि राजस्थान की कांग्रेस सरकार ने एक करोड़ जमा कराने के बाद ही बिहारी छात्रों की ट्रेन खुलने दी। डिप्टी सीएम ने बुधवार को यहां कहा, राजस्थान के कोटा में फंसे बिहार के छात्रों को वापस लाने के लिए कांग्रेस और राजद ने बस भेजने और ट्रेन का किराया



देने की बड़ी-बड़ी बातें कीं, लेकिन सब दिखावा साबित हुआ। गहलोत सरकार पर आरोप लगाते हुए सुशील कुमार मोदी ने कहा, कोटा से 18 हजार छात्रों की वापसी के लिए जब 13 विशेष ट्रेनों की व्यवस्था की गई, तब वहां की कांग्रेस सरकार ने छात्रों के किराये के एक करोड़ रुपये बिहार सरकार से जमा कराने के बाद ही ट्रेन खुलने दी।

## एक कदम भी पीछे नहीं हटेगी हमारी सेना

### चीन को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए भारत 'अडिग'

**डेली संवाद, नई दिल्ली।**

लद्दाख में सीमा विवाद को लेकर भारत और चीन के बीच तनाव जारी है। तनाव का आलम ये है कि लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर चीन और भारत की सेना फिर एक बार आमने-सामने है। भले ही चीन ने सीमा पर अपनी सेना की तैनाती बढ़ा दी है, मगर अब भारत भी पीछे नहीं रहने वाला है। भारत ने भी चीन को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए कमर कस ली है और इसने चीनी सेना के बराबर अपनी सेना तैनात कर दी है। इस कदम के साथ भी भारत ने अपना स्टैंड स्पष्ट कर दिया है कि अब वह चीन से जारी गतिरोध से एक कदम भी पीछ्ने हटने वाला नहीं है। भारत ने पूर्वी लद्दाख के तनाव वाले इलाके में चीन के साथ गतिरोध से अब पीछे न होने का फैसला कर लिया है। काराकोरम दर्रा और इस क्षेत्र में तैनात चीनी सैनिकों का मुकाबला करने के लिए भारत ने सैनिकों को तैनात कर दिया है। यह



जानकारी इस मामले से परिचित लोगों ने नाम न जाहिर होने की शर्त पर दी। बता दें कि बीते दिनों चीन ने यहां वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) का उल्लंघन किया था और भारतीय सैनिकों से झड़प की थी। सूत्रों की मानें तो भारत ने यह फैसला भारतीय क्षेत्र में किसी भी तरह की चीनी घुसपैठ और भारतीय इलाके में स्थिति परिवर्तन की कोशिशों को नाकाम करने के उद्देश्य से लिया है। मजबूती और संयम के साथ चीनी चुनौती का सामना करने के लिए ही भारत ने भी अपनी सेना की संख्या बढ़ा दी है। दरअसल, मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय सुरक्षा बैठक हुई। पीएम ने पूर्वी लद्दाख में गाल्वन घाटी और पैंगोंग झील इलाके में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच तनावपूर्ण स्थिति के बीच वास्तविक नियंत्रण रेखा की स्थिति का आकलन करने के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और रक्षा विभाग के प्रमुख (सीडीएस) जनरल बिपिन रावत के साथ बैठक की। सीडीएस रावत ने लद्दाख में पीएम मोदी को सैन्य स्थिति से अवगत कराया और स्थिति को संभालने के सुझाव दिए।

## यूपी कांग्रेस प्रमुख की गिरफ्तारी अलोकतांत्रिक : प्रियंका गांधी



**डेली संवाद, नई दिल्ली**

प्रवासी मजदूरों को लेकर चल रही तनातनी के बीच उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू की गिरफ्तारी पर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने यहां मंगलवार को कहा कि कहा कि यह अलोकतांत्रिक और मानवीय सिद्धांत का उल्लंघन है। उन्होंने गिरफ्तार कांग्रेस नेता की फौरन रिहाई की मांग की है। प्रियंका ने अपने ट्वीट में कहा, महामारी के प्रकोप के बीच बेबुनियाद आरोपों के आधार पर यूपी कांग्रेस प्रमुख को जेल में डाल दिए जाने से योगी सरकार की अलोकतांत्रिकऔर अवसरवादी मानसिकता का पता चलता है। यह सभी मानवीय सिद्धांतों का उल्लंघन है। उन्होंने कहा, हम उनके लिए न्याय की मांग करते हैं और उन्हें जब तक रिहा नहीं किया जाता, हम अपना संघर्ष जारी रखेंगे।





